भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.02.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 763 का उत्तर

अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास

763. श्री राजा अमरेश्वर नाईक:
डॉ. सुकान्त मजूमदार:
श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:
श्री भोला सिंहः
श्रीमती डिम्पल यादव:
डॉ. जयंत कुमार राय:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में पुनर्विकसित अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया है;
(ख) यदि हां, तो क्या अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन से दो नई अमृत भारत रेलगाड़ियों और छह नई वंदे भारत रेलगाड़ियों को भी हरी झंडी दिखाई गई है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या इस क्षेत्र में रेल अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए 2300 करोड़ रुपए की तीन रेल परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया गया था;
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) रेलवे द्वारा अयोध्या से देश के अन्य भागों तक रेल संपर्क बढ़ाने के लिए अन्य क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

s.k

अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास के संबंध में दिनांक 07.02.2024 को लोक सभा में श्री राजा अमरेश्वर नाईक, डॉ. सुकान्त मजूमदार, श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव, श्री भोला सिंह, श्रीमती डिम्पल यादव और डॉ. जयंत कुमार राय के अतारांकित प्रश्न सं. 763 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): पुनर्विकसित अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का उद्‌घाटन 30 दिसंबर 2023 को किया गया था।

(ख) और (ग): दिसंबर 2023 के महीने में अयोध्या से झंडी दिखाकर रवाना की गई आठ जोड़ी रेलगाड़ियां, 20641/20642 बेंगलरु कैंट - कोयम्बत्तूर वंदे भारत एक्सप्रेस, 20645/20646 मंगलुरु - मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस, 20705/20706 जालना - सीएसएमटी मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस, 22425/22426 आनंद विहार टर्मिनल - अयोध्या कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस, 22477/22478 श्री माता वैष्णो देवी कटरा - नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, 22487/22488 अमृतसर - नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, 13433/13434 एसएमवीटी बेंगलूरु - मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस और 15557/15558 आनंद विहार - दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस हैं।

(घ) से (ङ): इस समय अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन क्षेत्र में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली 03 रेल परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इन परियोजनाओं की विवरण निम्नानुसार है:

1. ₹2877 करोड़ की लागत से जौनपुर - अयोध्या - बाराबंकी दोहरीकरण परियोजना (238 किलोमीटर) का कार्य शुरू किया गया है। अभी तक ₹2582.54 करोड़ का व्यय उपगत किया गया है और तुलसी नगर - जाफरगंज, अयोध्या - सोहवाल, पतरंगा-सफदरगंज और रसौली-बाराबंकी रेलखंडों को पूरा किया जा चुका है और इसे कमीशन कर दिया गया है।
2. ₹200 करोड़ की लागत से मल्हौर - डालीगंज दोहरीकरण परियोजना (12.62 किलोमीटर) शुरू की गई है। इस परियोजना को 2022-23 में कमीशन कर दिया गया है।
3. ₹179.20 करोड़ की लागत से रूमा - चाकेरी - चंदेरी तीसरी रेल लाइन परियोजना (12.5 किलोमीटर) शुरू की गई है। मार्च 2023 तक ₹84.62 करोड़ का व्यय उपगत किया गया है।

s.k

(च): इस समय अयोध्या धाम पर 30 जोड़ी रेल गाड़ी सेवाएं उपलब्ध हैं जो इसे देश के विभिन्न हिस्सों से जोड़ती हैं। अयोध्या धाम के यात्रियों की बढ़ती हुई जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय रेल द्वारा दिसंबर 2023 के महीने में 2 जोड़ी रेलगाड़ी अर्थात् 22425/22426 आनंद विहार (टर्मिनस) - अयोध्या कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस और 15557/15558 आनंद विहार (टी) - दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस (बरास्ता अयोध्या) शुरू की गई है। इसके अलावा, 22129/22130 लोकमान्य तिलक (टर्मिनस) - वाराणसी एक्सप्रेस की सेवाओं को 27.08.2023 से अयोध्या कैंट तक बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा, भारतीय रेल में रेलगाड़ी सेवाएं शुरू करना/उन्हें और आगे तक चलाना/उनके फेरे बढ़ाना एक सतत प्रक्रिया है जो यातायात मांग, परिचालनिक व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।

******

s.k